कार्यालय कुलसचिव

Website-ralvv.mp.go.in
E.Mail- hegc.newraniavsag@mp.gov.in
PhoneNo.-07582299604

रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)

कबीर धाम आश्रम के सामने केन्द्रीय विद्यालय न. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर (म.प्र)

**क्रमांक /RALVV- 374 /अकादमिक/2025** सागर, दिनांक 26-12-25

# :: अधिसूचना ::

## नामांकन– एम.ए., एम.एस.सी.(गणित), एम.कॉम. (स्वाध्यायी) प्रथम सेमेस्टर, एक वर्षीय/दो वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु

रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के सत्र 2025–26 हेतु एम.ए., एम.एस.सी.(गणित), एम.कॉम. एक वर्षीय/दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन फार्म विश्वविद्यालय एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल ( https://ralvv.mponline.gov.in) से भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती है–

| क्र. | कक्षा | सत्र | शुल्क का विवरण | सामान्य शुल्क के साथ निर्धारित तिथियां | विलंब शुल्क 150/– के साथ निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एम.ए, एम.एस.सी, (गणित) एम.कॉम. (स्वाध्यायी) | 2025–26 | नामांकन हेतु सामान्य शुल्क रूपये 200/– प्रति छात्र एवं मध्यप्रदेश के बाहर स्थित बोर्ड /विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों हेतु नामांकन शुल्क 200 /– अप्रवासन (इमीग्रेशन) शुल्क 500/– कुल 700/– रूपये प्रति छात्र के साथ ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने की तिथि– | 26.12.2025 से 10.01.2026 तक | 11.01.2026 से 15.01.2026 तक |

**आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों की सूची–**

01. अंतिम अर्हकारी उत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।
02. जन्म तिथि सत्यापन हेतु हाईस्कूल परीक्षा की सत्यापित अंकसूची।
03. मूल माइग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र।
04. छात्र का स्थाई निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
05. विदेशी छात्र है अथवा म.प्र. राज्य के बाहर के विश्वविद्यालय/बोर्ड का छात्र है, तो रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र।
06. ऑनलाइन सीट आवंटन पत्र की छायाप्रति।

**नोटः–** आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्र/अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है, अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी अपने अध्ययनरत महाविद्यालय में जमा करें।

**महाविद्यालयों को ऑनलाइन नामांकन फार्म के संबंध में आवश्यक निर्देश :–**

**01.** प्राचार्य अपने महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों का नामांकन कराना सुनिश्चित करें।

**02.** महाविद्यालयों को एम. पी. ऑनलाइन लॉगिन हेतु जीटूजी आई.डी. पासवर्ड प्रेषित किया जा चुका है। जिन महाविद्यालयों को G2G आई.डी. पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है। वह विश्वविद्यालय के दूरभाष नं. 07582 - 299604 पर संपर्क करें।

**03.** ऑनलाइन नामांकन फार्म एप्रूव करने से पहले महाविद्यालय यह जांच लें कि संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा अपने माता–पिता का नाम, धर्म, जाति, लिंग, जन्मतिथि, मो. नं., विषय, पूरा पता, फोटो, हस्ताक्षर, माईग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र एवं माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) आदि का सही अंकन किया है अथवा नहीं। अन्य कोई बिन्दु जो महाविद्यालय के संज्ञान में हो। उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन सत्र 2025–26 प्रवेश नियमानुसार नामांकन/प्रवेश हेतु पात्रता का परीक्षण एवं छात्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों के सत्यापन का समस्त उत्तरदायित्व व जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

04. महाविद्यालय भली भांति परीक्षण उपरांत पात्रता सुनिश्चित होने पर ही ऑनलाइन आवेदन फारवर्ड करें। समस्त वांछित अभिलेखों, मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र सहित छात्रों के ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में सुरक्षित संधारित की जावे तथा विश्वविद्यालय द्वारा चाहे जाने पर उपलब्ध करायी जावे।

05. समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल (https://www.ralvv.mponline.gov.in) पर G2G लॉगिन कर ऑनलाइन प्राप्त नामांकन फार्म को निर्धारित तिथि तक एप्रूव करना होगा। फार्म एप्रूव न होने की स्थिति में विद्यार्थियों का नामांकन जारी नहीं किया जायेगा।

06. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं के नामांकन एप्रूव करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र द्वारा जिसमें प्रवेश किया हैं उसी हेतु नामांकन आवेदन किया गया हैं। विषय/ग्रुप संबंधी त्रुटि समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

07. महाविद्यालय समस्त छात्रों के आवेदन पत्र ऑनलाइन एप्रूव कर पाठ्यक्रमवार/विषयवार सत्यापित सूची, अंतिम तिथि के 05 दिवस तक अनिवार्यतः तक विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा करेंगें। सूची प्राप्त न होने पर नामांकन जारी नहीं किये जावेगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

- किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर संपर्क करे –

| | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय ई–मेल | exam.ralvv@gmail.com |
| विश्वविद्यालय हेल्पडेस्क (फोन नंबर) | 07582 - 299604 |
| एम.पी. ऑनलाइन हेल्पडेस्क | https://helpdesk.mponline.gov.in/ticket/create |
| एम.पी. ऑनलाइन हेल्पडेस्क (फोन नंबर) | 0755 - 6720200 |

26/12/25

परीक्षा नियंत्रक
रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म0प्र0)

कुलसचिव
रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म0प्र0)

क्रमांक/ RALVV-780 /अकादमिक/2025 सागर, दिनांकः 26-12-25

प्रतिलिपि–

01. आयुक्त महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
02. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्चशिक्षा, सागर संभाग, सागर की ओर सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
04. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, तृतीय तल, स्टेट आई.टी. पार्क अब्बास नगर नियर आरजीपीवी, गांधीनगर भोपाल 462033 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. निज सहायक, माननीय कुलगुरू, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)।
06. निज सहायक, कुलसचिव, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)।
07. संपादक दैनिक समाचार पत्रों की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
08. वेबसाइट प्रभारी – विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
09. संबंधित नस्ती।

26.12.25

सहायक कुलसचिव
रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म0प्र0)